## खास-खबरें

### अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा वृक्षारोपण जारी



**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेष अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के प्रबंध संचालक निकुंज श्रीवास्तव के निर्देश पर कम्पनी के समस्त निर्माणधीन जल प्रदाय और सीवरेज परियोजना अंतर्गत वृक्षारोपण कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, चंबल, जबलपुर सहित कम्पनी की समस्त 13 इकाईयों की विभिन्न साइटों पर 3000 से अधिक पौधे रोपे जा चुके है। इनमें नीम,पीपल,आम,आंवला,अषोक सहित फलदार एवं छायादार पौधे शामिल है। उल्लेखनीय है कि अंकुर अभियान के तहत कंपनी द्वारा पौधे रोप कर पौध संरक्षण हेतु उचित प्रबंध भी किए जा रहे है साथ ही वृक्षारोपण अभियान में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की सहभागिता भी की जा रही है।

### सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन के लिए मिला अर्थ नेटवेस्ट ग्रुप अर्थ हीरोज पुरस्कार

**भोपाल।** प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में मध्यप्रदेश के खाते में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। प्रदेश के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन के लिये अर्थ गार्जियन श्रेणी में नेटवेस्ट ग्रुप अर्थ हीरोज का पुरस्कार मिला है। वन मंत्री डॉ. विजय शाह ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन से जुड़े अमले को बधाई दी है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को विश्व धरोहर की संभावित सूची में भी शामिल किया गया है। होशंगाबाद जिले में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व 2130 वर्ग किलोमीटर में फैला क्षेत्र है। यह डेक्कन बायो-जियोग्राफिक क्षेत्र का हिस्सा है। अभूतपूर्व प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह देश की प्राचीनतम वन संपदा है, जो बड़ी मेहनत से संजोकर रखी गई है।



राज्यपाल मंगुभाई पटेल से बुधवार को राजभवन पशुपालन एवं सामाजिक कल्याण मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने में सौजन्य भेंट की।

### मर्सिडीज कार बेचने के नाम पर 67 लाख हड़पे

**भोपाल।** राजधानी में एग्रीकल्चर प्रोडक्ट के कारोबारी से मुंबई के एक कार एजेंट ने सस्ती मर्सिडीज कार दिलाने के नाम पर 67 लाख रुपए हड़प लिए। इस मामले में शाहजहांनाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 30 वर्षीय साहिब गंगवानी ईदगाह हिल्स में परिवार के साथ रहते है। उनका एग्रीकल्चर प्रोडक्ट का कारोबार है। साहिब के दोस्त ने मुंबई के मैत्री कार के एजेंट चेतन शाह से कुछ समय पहले मर्सिडीज कार खरीदी थी। साहिब ने भी चेतन से मर्सिडीज कार खरीदने के मार्च 2020 में संपर्क किया। उनकी 67 लाख रुपए में डील पक्की हुई। इसके बाद जून 2020 तक चार किश्तों में साहिब ने आरटीजीएस के माध्यम से चेतन को 67 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। इसके बाद चेतन कोरोना का बहना कर कार देने के नाम पर टालमटोल करने लगा। काफी समय बाद इंतजार करने के बाद ना तो कार उपलब्ध कराई ना ही पैसे वापस किए। इसके बाद साहिब ने पुलिस को धोखाधड़ी के संबंध में शिकायत की। शाहजहांनाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राजनीति में एंट्री की अटकलों के बीच अमेरिका जा रहे कार्तिकेय

भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय के राजनीति में एंट्री की अटकलों के बीच खुद कार्तिकेय ने बड़ा ऐलान किया है। अपने गृह क्षेत्र बुधनी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्तिकेय ने कहा वह अपनी आगे की पढ़ाई के लिए विदेश जा रहे हैं।**



उन्होंने जिस वक्त यह ऐलान किया उस वक्त उनके पिता शिवराज सिंह चौहान और मां साधना सिंह भी मौजूद थे। कार्तिकेय ने एक भावुक स्पीच दी और भारतीय जनता पार्टी को अपनी मां बताया। कार्तिकेय ने बुधनी के कार्यकर्ताओं और जनता के साथ अपनी भावनाएं साझा कीं। उन्होंने कहा- अपने जीवन में मैं बहुत सारी चीजों को लेकर अपने आप को खुशनसीब मानता हूं। सबसे पहले तो ऐसे माता-पिता मिले जिन्होंने सारी खुशियां दीं और फिर आप जैसे साथी मिले। आप जैसे कार्यकर्ता मिले। हमने हमेशा उन्हें कार्यकर्ता साथी नहीं बड़ा भाई, परिवार का सदस्य माना। कोई केवल कहने से बड़ा नहीं होता हमेशा से मैंने यही सोचा कि आप मेरे अपने हैं। मेरे परिवार के सदस्य हैं। मैं आप सभी के बीच 2012 से आ रहा हूं। आप लोगों ने मुझे जीवन में इतनी उपलब्धियां दी है, जिनका मैं चाह कर भी अहसान नहीं चुका सकता। आज मैं आप सबका आशीर्वाद लेने आपके बीच आया हूं। काफी समय से आप सबके बीच सक्रिय हूं। साल 2018 में मैंने अपनी लॉ की पढ़ाई पुणे के सिंबोसिस इंस्टीट्यूट से खत्म की। जाहिर सी बात है मेरे मन में एक जिज्ञासा थी, हर विद्यार्थी के मन में जिज्ञासा होती है कि ग्रेजुएशन किया है तो पीजी भी करूं। लेकिन, साल 2018 आते ही पहले विधानसभा चुनाव और फिर 2019 में लोकसभा चुनाव आ गया। मैंने यह सोचकर काम किया कि पार्टी मेरी मां है। आप सब से मुझे बहुत स्नेह है, मेरे प्रति आपका वात्सल्य ही मेरी ताकत है। आपसे भले ही शारीरिक रूप से दूर जा रहा हूं, लेकिन मेरा मन हमेशा आपके साथ है। मैं भी आपके साथ हर सुख-दुःख में हमेशा हूं। हमें साथ मिलकर जनसेवा के इस कारवां को आगे बढ़ाना है, थोड़े विराम के बाद पुनः हम सब आगे साथ मिलकर यह काम करेंगे। आपकी शुभकामनाएं और आशीर्वाद साथ लेकर जा रहा हूं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के दो बेटे कार्तिकेय और कुणाल हैं। इसमें कार्तिकेय ने लॉ की पढ़ाई पुणे के सिंबोसिस इंस्टीट्यूट से की है। अब वह उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिलवेनिया जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक कार्तिकेय वहां लॉ में मास्टर की पढ़ाई करेंगे।

# विद्युत खरीदी दर कम करने बनाएं कार्ययोजनाः तोमर



भोपाल(काप्र)।

**विद्युत खरीदी दर कम करने के लिये सुनियोजित कार्य-योजना बनायें। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश मध्यप्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी के कार्यो की समीक्षा के दौरान दिये।**

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ताप विद्युत गृहों एवं नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा से पॉवर पर्चेज एग्रीमेंट की समीक्षा करें। अनुपयोगी अनुबंधों को खत्म करें। उन्होंने कहा कि विद्युत उत्पादकों द्वारा प्रस्तुत देयकों के भौतिक सत्यापन की फुलप्रूफ मेकेनिज्म बनायें। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिये। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि कोयले की उपलब्धता बढ़ाने के लिये जरूरी कार्यवाही करें।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2021-22 के लिये विद्युत माँग एवं उपलब्धता की समीक्षा कर आगामी रबी सीजन में विद्युत उपलब्धता की कार्य-योजना अभी से बनायें। बैठक में कुसुम योजना के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि पॉवर बैंकिंग योजना से गत वर्ष 167 करोड़ रुपये की बचत हुई है। फ्लैक्सी प्लॉन लागू करने से लगभग 350 करोड़ रुपये की बचत हुई है। बैठक में विद्युत खरीदी दर को कम करने की कार्य-योजना, आगामी वर्षों में ऊर्जा की उपलब्धता, बिजली खरीदी लागत, सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया से किये गये अनुबंधों और विद्युत की माँग एवं उपलब्धता की समीक्षा सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे, एमडी पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी आकाश त्रिपाठी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 31 जुलाई तक नगरीय निकायों के कर जमा करने पर अप्रैल से जून तक का नहीं लगेगा अधिभार

भोपाल(काप्र)।

**कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम के दृष्टिगत प्रदेश के अधिकांश जिलो में अप्रैल और मई, 2021 में कोरोना कर्फ्यू व विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध लगाए गए हैं।**

इसके कारण प्रदेश के शहरों में निवासरत नागरिकों को नगरीय निकायों के विभिन्न करों एवं उपभोक्ता प्रभार आदि का भुगतान समय पर करने में कठिनाई हुई है और इसके परिणामस्वरूप उक्त करों एवं उपभोक्ता प्रभारों पर अधिभार (सरचार्ज) आदि देय हो गए हैं।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि नागरिकों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि ऐसे नागरिक जो 31 जुलाई, 2021 तक नगरीय निकायों को कर एवं उपभोक्ता प्रभार आदि का भुगतान करेंगे, उन्हें 3 माह अप्रैल से जून, 2021 तक की अवधि के अधिभार (सरचार्ज) नहीं देने होंगे। नागरिकों से आग्रह किया गया है कि इस योजना का लाभ लेने के लिये 31 जुलाई तक कर एवं उपभोक्ता प्रभार आदि का भुगतान जरूर करें। श्री सिंह ने बताया है कि वैश्विक महामारी कोरोना के कारण रोजगार-धंधे सहित अन्य क्षेत्रों में आयी गिरावट के कारण नागरिकों द्वारा नगरीय निकायों के करों एवं उपभोक्ता प्रभारों के भुगतान में कठिनाई महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा है कि इन परिस्थितियों के मद्देनजर विभिन्न करों के अधिभार में छूट देने का निर्णय लिया गया है।

### सोशल मीडिया पर महिला दोस्त ने दिया धोखा

## उधार लिए पैसे वापस मांगने पर युवक की फेक आईडी बना अश्लील फोटो अपलोड किए

भोपाल(काप्र)।

**राजधानी के कोलार थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर एक महिला ने शख्स को ठग लिया। महिला ने पहले आर्थिक तंगी को बहाना बनाकर रुपए उधार मांगे। पीड़ित ने लंबे समय बाद पैसे वापस मांगे, तो आरोपी महिला धमकाने लगी।**

युवक ने महिला को अनफ्रेंड कर दिया, तो आरोपी ने पीड़ित और उसकी पत्नी की फेक फेसबुक आईडी बनाई। उनके रिश्तेदारों और दोस्तों को अश्लील फोटो भेजने लगी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने राधा आचार्य पति प्रदीप शर्मा निवासी सुभाष नगर लाला पुरा, गुना के खिलाफ केस दर्ज किया है। अभी महिला की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार लोकेंद्र सिंह चौहान परिवार के साथ न्यू ललिता नगर कोलार में रहते हैं। वह प्राइवेट जॉब करते हैं। मार्च 2020 में उनकी फेसबुक पर राधा आचार्य नाम की महिला से दोस्ती हुई। दोनों के बीच सोशल मीडिया पर लगातार बातचीत होने लगी। कुछ समय बाद महिला ने लोकेंद्र को आर्थिक तंगी का बहाना बताकर उधार पैसे मांगे। लोकेंद्र ने महिला के अकाउंट में ऑनलाइन 6500 रुपए ट्रांसफर कर दिए। इस बीच, दिसंबर 2020 में महिला पैसे वापस देने की बात कहकर लोकेंद्र से मिलने भोपाल भी आई, लेकिन उसने पैसे नहीं लौटाए। वहीं, लोकेंद्र से और रुपए देने की मांग करने लगी। जब लोकेन्द्र ने मना किया, तो झूठे केस में फंसाने की धमकी देने लगी। इसके बाद लोकेंद्र ने राधा को फेसबुक से अनफ्रेंड कर दिया। इसके बाद राधा ने पीड़ित और उसकी पत्नी की फोटो का उपयोग कर फेक आईडी बना ली। फिर उनके दोस्तों और रिश्तेदारों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। इसके बाद उनको अश्लील फोटो और कमेंट भेजने लगी। इसकी जानकारी रिश्तेदारों से लगने के बाद लोकेंद्र ने महिला के खिलाफ कोलार पुलिस थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने महिला के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

# भोपाल के अंतिम छोर तक दौड़ेंगी सिटी बसें

### बीसीएलएल ने 50 नई बसें खरीदीं, 10 नए रूट पर चलाई जाएंगी

भोपाल(काप्र)।

**राजधानी में अब सिटी बसें अंतिम छोर में भी दौड़ेगी। भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड (बीसीएलएल) ने 50 नई बसें खरीदी है, जो 10 नए रूटों पर चलाई जाएगी। फिलहाल नए रूटों पर मंथन किया जा रहा है। रूट फाइनल होते बसें राजधानी की सड़कों पर उतार दी जाएगी।**

इससे उन यात्रियों को सहुलियत होगी, जो बसों के आभाव में ऑटो या टैक्सी के जरिए सफर करके अधिक किराया चुकाते हैं। राजधानी में करीब 27 रूट पर 250 सिटी बसें चलाई जाती है। चूंकि अप्रैल और मई में कोरोना कर्फ्यू लागू था। इसलिए 2 महीने तक सिटी बसों का संचालन बंद रहा था। 2 जून से बसें विभिन्न रूटों पर दौड़ाई जाने लगी। अभी तक 12 रूट पर 105 बसें चलाई जा चुकी है।

**कुल 300 नई बसें आएंगी:** बीसीएलएल आगामी दिनों में कुल 300 नई बसें सड़कों पर उतारेगा। पहले चरण में 50 बसें आ चुकी है। जिनकी रजिस्ट्रेशन प्रोसेस के साथ उन्हें किस रूट पर चलाना है यह तय किया जा रहा है। इनमें कम से कम 10 ऐसे रूट रहेंगे, जहां पर वर्तमान में सिटी बस नहीं चलती है। होशंगाबाद रोड, कोलार, रायसेन रोड व करोंद क्षेत्र में नए रूट तलाशे जा रहे हैं, क्योंकि यहां की कॉलोनियों में सड़कें चौड़ी है और बसें आसानी से आ-जा सकती है। इससे बसों में सफर करने वालों का दो तरह से फायदा होगा। पहला उन्हें घर के नजदीक से ही बस मिल सकेगी और दूसरा ऑटो व टैक्सी में मनमाना किराया नहीं देना पड़ेगा। बैरागढ़ से एमपी नगर के बीच सिटी बस का किराया अधिकतम 25 रुपये है, लेकिन यही दूरी यदि ऑटो या टैक्सी के जरिए तय की जाए तो 300 रुपये तक किराया लिया जाता है। जिन रूटों पर बीसीएलएल बसें चलाने पर विचार कर रहा है, वहां भी ऐसी ही स्थिति है। लिहाजा, बसें चलने से लोगों को मनमाने किराए से बड़ी राहत मिल जाएगी। बीसीएलएल के पास 225 बसें हैं, लेकिन इनमें से 108 बसें कंडम घोषित हो चुकी है। शेष बसों को चलाया जा रहा है। चूंकि, कई रूटों पर बसें दौड़ाई जाना है। इसलिए बीसीएलएल 300 नई बसें खरीद रहा है।



संसदीय कार्यमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को मप्र विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम से सौजन्य भेंट कर सत्र तैयारियों पर भी चर्चा की।

## एक्सिस बैंक के रिवॉर्ड पॉइंट्स जीतने का झांसा देकर महिला के खाते से निकाले 1.28 लाख

भोपाल(काप्र)। कोरोना काल में साइबर अपराध के मामले बढ़ते जा रहे है। ऑनलाइन फ्राड करने वाले गिरोह मोबाइल पर कॉल कर और वाट्सऐप भेजकर रिवॉर्ड पॉइंट्स, लकी ड्रा का झांसा देकर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे है। ऐसे ही एक मामले में शाहपुरा में एक महिला को रिवॉर्ड पॉइंट्स जीतने का झांसा देकर मोबाइल पर लिंक भेज कर खाते से 1.28 लाख रुपए निकाल लिए। वहीं, एक अन्य मामले में एप डाउनलोड करा कर 20 हजार की धोखाधड़ी कर ली। पुलिस ने दोनों मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरती खिल्लन परिवार के साथ सागर स्कूल रोहित नगर में रहती है। उनके मोबाइल पर 17 जुलाई को एक अज्ञात मोबाइल से कॉल किया। इसमें आरोपी ने खुद को एक्सिस बैंक से बताया और उनके एक्सिस बैंक के खाते पर रिकॉर्ड पाइंट्स जीतने की जानकारी दी। जिसे कैश कराने के लिए उनको एक लिंक पर अपनी जानकारी भरने को कहा। महिला आरोपी के झांसे में आ गई और उसके द्वारा भेजी लिंक पर जानकारी भर दी। जिसके बाद उनके खाते से 1 लाख 27 हजार 997 रुपए निकल गए। पीड़ित के बैंक में संपर्क करने पर ठगी का पता चला। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस को शिकायत दी। वहीं, एक अन्य मामले में ऐसे ही एक अन्य मामले में मिसरोद थाना क्षेत्र में निर्मला यादव महिला से मोबाइल में एप डाउनलोड कराकर आरोपी ने ओटीपी पूछकर खाते से 20 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने दोनों मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कबीर सम्मान प्रविष्टियों के लिए अंतिम दिवस आज

**भोपाल (काप्र)।** हाथकरघा क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं परम्परागत संस्कृति के संरक्षण करने वाले बुनकरों को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य शासन द्वारा कबीर बुनकर प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत वर्ष 20-2021 में हाथकरघा बुनकारों द्वारा स्वयं उत्पादित वस्त्र प्रदर्शित करने हेतु प्राविष्टयां 29 जुलाई 2021 तक आमंत्रित की गई है। शासन की योजना अन्तर्गत हाथकरघा बुनकरों से निर्धारित दिनांक 29 जुलाई 2021 समय 6 बजे तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है।


पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

इंजीनियरिंग विभाग

ई-टेण्डरिंग नोटिस

संख्या : W/623/5/1/NIT — दिनांक : 23.07.2021

मण्डल रेल प्रबंध-मण्डल कार्यालय (कार्यसेवा शाखा) पश्चिम रेलवे, कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये 'खुली निविदा' ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है :-

| क्र.सं., ई-टेण्डरिंग संख्या व कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बयाना राशि |
|---|---|---|
| 1. RTM-2021-22-42 | ₹ 2,86,556.30 | Nil |
| Nagda - Bhopal & Indore - Dewas - Ujjain Section - Reconditioning of Tongue rail of Point & crossing by H-3 'C' Class electrodes under Jurisdiction of ADEN (West) Ujjain and ADEN Sehore Section. | | |
| 2. RTM-2021-22-59 | ₹ 73,17,240.00 | Nil |
| Nagda - Bhopal, Maksi - Dewas and Indore-Dewas-Ujjain Section:- Providing lighting arrangement in connection with various CTR, TRR, TBR & TFTR etc. works under jurisdiction of Sr. DEN (South) Ratlam Section. | | |
| 3. RTM-2021-22-60 | ₹ 19,37,859.12 | Nil |
| Nagda - Bhopal, Maksi - Dewas & Indore - Dewas - Ujjain Section - Installation and commissioning of Chlorinator under Jurisdiction of ADEN (West) Ujjain and ADEN Sehore Section. (For Two Years) | | |

लगभग मात्रा : निविदा अनुसूची के अनुसार, कार्य समापन अवधि : क्र. सं. 1: 12 महीने, क्र. सं. 2 एवं 3: 24 महीने के लिए, सीमिलर टाइप ऑफ वर्क: क्र. सं. 1 और 3 के लिए लागू नहीं, क्र. सं. 2 के लिए कोई भी सिविल इंजीनियरिंग/ट्रैक कार्य। वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि : 23.07.2021 प्रत्येक के लिए, निविदा खुलने की तिथि : 27.08.2021 प्रत्येक के लिए।

• विस्तृत निविदा सूचना, अर्हता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है।

मण्डल रेल प्रबंधक (कार्यसेवा) पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल

EXP/5/1/103

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly


**खास खबर** | मध्यप्रदेश में मौत के 465 ब्लैक स्पॉट्स.....

# यहां से गुजरना है जानलेवा, हर साल बढ़ रहा है खतरा

भोपाल(काप्र)।

**मध्यप्रदेश में मौत के 465 ऐसे ब्लैक स्पॉट हैं यहां से गुजरना जानलेवा साबित हो सकता है। ट्रैफिक पुलिस और रोड सेफ्टी की भाषा में ब्लैक स्पॉट उसे कहते हैं जहां दुर्घटनाएं सबसे ज्यादा होती हैं। हर साल प्रदेश में मौत के ब्लैक स्पॉट बढ़ते जा रहे हैं।**

यहां पर होने वाले हादसों के बाद भी जिम्मेदार अफसरों की नींद नहीं खुल रही है। यदि सामूहिक जिम्मेदारी से काम किया जाए तो प्रदेश में सड़क हादसों में होने वाली मौतों पर अंकुश लगाया जा सकता है। प्रदेश में हर साल ब्लैक स्पॉट की संख्या बढ़ती जा रही है। 2019 में ब्लैक स्पॉट की कुल संख्या 455 थी जो साल 2020 में बढ़कर 465 हो गई। 5 जिलों में ब्लैक स्पॉट की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, जबकि 2019 की तुलना में 2020 में 5 जिले रायसेन, सीहोर, खरगोन, देवास और कटनी में ब्लैक स्पॉट की संख्या में कमी आई। रायसेन जिले में 22 ब्लैक स्पॉट 2019 में थे लेकिन 2020 में यह ब्लैक स्पॉट कम होकर 8 हो गए। सीहोर में 2019 में 24 ब्लैक स्पॉट थे जो 2020 में कम होकर 16 हो गए। खरगोन में 2019 में 29 ब्लैक स्पॉट थे जो 2020 में 21 हो गए, देवास में 2019 में 14 ब्लैक स्पॉट थे जो अब 8 रह गए। कटनी जिले में 2019 में ब्लैक स्पॉट 23 थे जो 2020 में कम होकर 18 रह गए। मध्यप्रदेश में 2019 की तुलना में 2020 में ब्लैक स्पॉट की संख्या सबसे ज्यादा 5 जिलों में बढ़ी है। सागर जिले में 1 साल के अंदर सबसे ज्यादा ब्लैक स्पॉट की संख्या बढ़ी। सागर में 2019 में 11 ब्लैक स्पॉट थे जो 2020 में 28 हो गए। छिंदवाड़ा में 8 से 17, धार में 6 से 14 हो गए। सीधी में 9 से 14 और जबलपुर में 10 से 16 ब्लैक स्पॉट हो गए। सड़क हादसों को देखते हुए भोपाल शहर में 22 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। इन स्थानों पर बड़े हादसे रोकने के लिए छोटे-छोटे सुधार कार्य करने जरूरी हैं। शहर में आनंद नगर, गांधी पार्क, मालवीय नगर, बोगदा पुल तिराहा, सुदामा नगर कॉलोनी रोड, डीआईजी बंगला चौराहे से करोंद मार्ग, एयरपोर्ट रोड पर ब्रिज के नीचे पेट्रोल पंप क्रॉसिंग, मंदाकिनी चौराहा, आरआरएल तिराहा, राजमार्ग 28 भोपाल बायपास पर कट पॉइंट, अयोध्या नगर चौराहा, छोला गणेश मंदिर रोड, बागसेवनिया तिराहा, ट्रिनिटी कॉलेज डिवाइडर, साक्षी ढाबा, पत्रकार भवन से अंकुर स्कूल, ओरिएंटल कॉलेज तिराहा ब्लैक स्पॉट हैं। इन जगहों पर लगातार सड़क दुर्घटना होने के कारण ट्रैफिक पुलिस ने इन्हें ब्लैक स्पॉट घोषित किया है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर 500 मीटर का वह क्षेत्र जहां पिछले 3 साल में या तो 5 सड़क दुर्घटना या 10 मौत हुई हों, उस जगह को ब्लैक स्पॉट कहते हैं। सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी एंड मोरथ ने ब्लैक स्पॉट के संबंध में जो दिशा निर्देश दिये हैं उसका लीड एजेंसी पीटीआरआई सभी सड़क नोडल निर्माण एजेंसी से पालन करवाती है और उसकी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट की कमेटी ऑन रोड सेफ्टी को भेजती है।